# 30 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के समापन अवसर पर शानदार प्रस्तुतियां



**नवभारत,दमोह.** मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय,संस्कृति विभाग और बुंदेलखंड की अग्रणी संस्था युवा नाट्य मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 30 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के समापन के अवसर पर लोक कथाओं पर आधारित नाटक तलाश घर की का मंचन स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (पी.जी.कॉलेज) दमोह में किया गया। युवा नाट्य मंच की इस नवीन प्रस्तुति में दिखाया गया जहां आज के समय में बच्चे और युवा न केवल हमारी पारंपरिक लोक कथाओं, लोक नृत्यों और लोक परंपराओं से दूर होते जा रहे है बल्कि मोबाइल ओर सोशल मीडिया के जाल में फसते जा रहे है। ऐसे समय में लोक कथाओं के माध्यम से जन जागृति लाने की दिशा में इस नाट्य मंचन को किया गया। ज्योत्सना मिलन और लक्ष्मी नाथ बेजबरुआ की कहानियों पर आधारित नाटक तलाश घर की नई पीढ़ी को लोक कथाओं की महत्ता और उपयोगिता का बोध कराने के लिए किया गया। पहली कहानी चंपावती थी जिसमें एक अमीर आदमी की दो-दो पत्नियां हैं एक लागी और दूसरी अलागी दोनों की एक एक बेटी है। अलागी की बेटी चंपावती है। लागी को अपनी सुंदरता का अभिमान है ।लागी हमेशा अलागी से झगड़ा करती है और अलागी और उसकी बेटी चंपावती को अपने पति से कह कर पिछवाड़े की झोपडी में रहने के लिए भेज देती है जिससे उन्हें बहुत तकलीफ़ होती है। इसी बीच चंपावती खेत में रखवाली को जाती है वहां एक अजगर चंपावती से शादी करना चाहता है अलागी के बार बार मना करने के बावजूद लागी के कहने पर जमीदार उसकी शादी अजगर से कर देता है ताकि अजगर चंपावती को खा जाए पर अजगर एक देवता था और वह अलागी को सोने चांदी के गहने भेट करता है यह बात देखकर लालच के कारण लागी अपनी बेटी की भी शादी अजगर से करवा देती है और अजगर उसे खा जाता है कहानी का सार है लालच बुरी बला है ।दूसरी कहानी एक शहर से दूसरे शहर में रहने आए व्यक्ति अनिरुद्ध जोशी की है जो इंदौर से किसी दूसरे शहर में रहने के लिए आया है। यहां वो एक किराए के घर में रहता है जहां पहले एक कृष्णकांत नामक व्यक्ति और उसका परिवार रहा करता था, तो जब भी कोई पड़ोसी अनिरुद्ध जोशी से मिलने आता तो वो घुमा फिरा कर एक ही बात कहता की कृष्णकांत बड़े ही अच्छे आदमी थे जिससे अनिरुद्ध जोशी को बहुत तकलीफ़ होती है। छोटे छोटे रोचक प्रसंगों और अलग अलग चरित्रों से गुजरते हुए यह कहानी अनिरुद्ध जोशी के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर देती है ।इस नाट्य प्रस्तुति में नवोदित कलाकारों ने अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा।नाटक का संगीत अत्यंत कर्णप्रिय था और नाटक में प्रयोगवादी गीत लिखे गए जिन्हें लिपिबद्ध और स्वरबद्ध सारे नवोदित कलाकारों ने ही किया है। दोनों कहानियों में इंसान की जद्दोजहद, और पहचान का संघर्ष दिखाया गया है। नवोदित कलाकारों के अभिनय के रंग से सजा नाटक तलाश घर की दर्शकों को भीतर तक छू कर गया।

नाटक के निर्देशक मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र रोहित खिलवानी और विशाल बरुवा रहे। साथ ही नाटक में संगीत को कार्यशाला के प्रतिभागियों ने स्वयं लिखा और उसे तालबद्ध किया जिसमें अनुभव श्रीवास्तव, दीक्षा सेन और उपेंद्र सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ढोलक पर देवेश श्रीवास्तव और राजेश श्रीवास्तव रहे। नाटक में विभिन्न भूमिकाओं में नयन खरे, दीक्षा सेन,देवेश श्रीवास्तव, बृजेंद्र राठौर, शिवानी वाल्मीक,नैंसी गुप्ता,अनुभव श्रीवास्तव, अरविंद पटेल, वैष्णवी रैकवार, श्रद्धा रैकवार, ऋषि खरारे, हर्षिता तिवारी, हरिओम खरे, अंकित मुंडा, उपेंद्र सोनी, राजेश श्रीवास्तव, अनुनय श्रीवास्तव, गौरी रैकवार, देवांश सिंह राजपूत अरिंदम तिवारी, तेजस सपेरा व अन्य कलाकारों ने नाटक को आम जनमानस तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया। आकर्षक प्रकाश संयोजन और मधुर संगीत को लोगो ने काफी सराहा। कार्यक्रम में समाजसेवी भाव सिंह लोधी, नन्हे सिंह, अटलबिहारी बाजपेई हिंदी विश्व विद्यालय के नाट्य विधा प्रमुख डॉ रविंद्र मुड़ा, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, नरेंद्र दुबे,प्रदीप बजाज, प्रदीप अग्रवाल, दीपक तिवारी, डॉ सोनल राय,नरेंद्र बजाज,आलोक गोस्वामी, सुशील गुप्ता, सुधीर असाटी, राजेंद्र बग्गा, आलोक सोनवलकर, मनोहर काजल, त्रिपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नगरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजन में मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव और दमोह जिला प्रशासन का योगदान रहा।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शुक्रवार अल सुबह जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया. उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर के साथ एक-एक कक्ष का जायजा लिया और पुलिस अस्पताल चौकी अवस्थित, शव गृह और भी समस्याओं को नोट कर संबंधित एजेंसी को निर्देश दिये. इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ.प्रहलाद पटैल,डीएचओ डॉ.रीता चटर्जी, सीएसपी एचआर पांडे,सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी,पीएचई सब इंजीनियर दिव्या पटेल, डॉ चक्रेश चौधरी,डॉक्टर मनीष संगतानी, डॉ राकेश राय, डॉ रविंद्र सिंह, व्यवस्थापक सुरेंद्र सिंह राजपूत सहित चिकित्सकगण मौजूद थे.कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अस्पताल का निरीक्षण दो भागो में कर रहे है. पहला तो बाहरी हिस्सा था जिसका अभी निरीक्षण किया. उन्होंने कहा रात को 09 से 10 के बीच पहुंच 02 से 03 घंटे पूरा निरीक्षण करूंगा और यह निरीक्षण आकस्मिक नहीं था, यह पूर्ण नियोजित निरीक्षण था. इसमें सारी एजेंसियो को बुलाया था, जिसमें नगरपालिका,पीएचई,पुलिस, जिन-जिन एजेंसियो को स्वास्थ्य विभाग से काम पड़ता है, उन सबको बुलाया गया और पूरे परिसर का जायजा लिया और एक-एक बिलिं्डग को देखा गया, कहॉ-कहॉ समस्या है उनको नोट किया गया और संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया गया.कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि दूसरे चरण में आंतरिक बिलिं्डग में जो वार्ड और अन्य चीजों का रात्रि को निरीक्षण किया जायेगा, यह दोनों निरीक्षण होने के बाद इस पर आधारित डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफकी एक मीटिंग लेगें, दीपावली के पश्चात और मीटिंग में सारे मुद्दों पर चर्चा करेगें और प्रयास करेगें कि एक महीने के अंदर सारी चीजों को धरातल पर उतार पायें.इस दृष्टि से संपूर्ण जिला अस्पताल के मुद्दो को समग्रता में देखने के लिए 04 घंटे का निरीक्षण किया है.

### पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए ठहरने की अलग-अलग व्यवस्था, सुविधा का उपयोग करें : कलेक्टर

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण दौरान रैन बसेरा का जायजा लिया। उन्होंने बताया नगरपालिका ने उसको व्यवस्थित बनाया है, पहले वहाँ पर थोड़ा क्षतिग्रस्त था वहां पानी और शौचालय की व्यवस्थाएं भी ठीक नहीं थी, लेकिन नगरपालिका दमोह ने उसको एकदम सुव्यवस्थित करके रंग-रोगन करके बिल्कुल तैयार कर दिया। वहां पर आज लोगों ने देखा कि वहां पर पलंग व्यवस्थित है, लेकिन 11 पलंग उनको और एक्स्ट्रा चाहिए तो उनको जन सहयोग से 11 पलंग जल्दी दिलवा रहे हैं और गद्दे, तक्रियॉ भी हम जन सहयोग से दिलवाएंगे, ताकि जल्दी से जल्दी वहां पर यह व्यवस्था हो जाए। कलेक्टर ने कहा वहां पर लगभग 20-25 पलंग है और पूरी व्यवस्था है। उन्होंने कहा जो लोग भी मरीज के परिजन आते हैं वह इस सुविधा का उपयोग करें, वहां पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए ठहरने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है और टॉयलेट्स वगैरह भी बहुत अच्छी कंडीशन में है।

# डिप्टी कलेक्टर, नायाब तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण



### हिनोति स्कूल के शिक्षकों क़ो दिशा निर्देश दिये

**कुम्हारी, नवभारत।** शिक्षा विभाग में शिक्षा का स्तर सुधार हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो ऐसे तमाम प्रयास शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे हैं । वही दिन शुक्रवार क़ो हिनोति शाला पहुंची डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, नायाब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, जिन्होंने शाला का औचक निरीक्षरण किया ।जिसमें शिक्षा का स्तर सुधारने छात्रों से किताब पढना, कक्षाओं में प्रकाश की व्यवस्था, नियमित कक्षाओं का संचालन करने, मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने, सभी प्रकार के रजिस्टर अपडेट करने, शिक्षकों को डेली डायरी बनाने सम्बन्धित निर्देश दिये, वही पटेरा बी आर सी दिलीप उपाध्याय के लिए आवश्यक निर्देश जिन शालाओं में जो कमियां पाई जा रही, उनको सुधारने के लिए कहा गया,वही दिन शुक्रवार को 3.30 बजे बेलखेड़ी शाला बंद पाई गई समय के पूर्व बंद होना, शिक्षकों की लापरवाही मानी जाती है। स्कूल बंद पाए जाने पर बीआरसी ने कहा नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी वही अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं, विद्यालय में जो की समय के पूर्व शाला बंद करके चले गए शासकीय शिक्षक विशेष कार्य से पटेरा गए हुए थे।

**इनका कहना है**

इस सम्बन्ध मे बीओ पटेरा से संपर्क किया गया। जिनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया ।

**आईएल आठिया**
**बीओ पटेरा**

**पश्चिम मध्य रेल**

निविदा सूचना क्रं: M-Tender-24-2025
दिनांक: 15/10/2025
खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के लिए ई.-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/नकज, आर.ओ. एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है:-**निविदा सूचना कमांक दिनांक:** JBP-M-Tender-24-2025, Dated15/10/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सी एंड डब्ल्यू एनकेजे में सामाग्री हैंडलिंग उपकरण का संचालन, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये:** 9042615.85, **बयाना राशि रुपये :** 180900.00, **समापन की अवधि:** 12 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 06.11.2025, 15:00 Hrs. ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

हस्ता.
कृते मण्डल रेल प्रबंधक (यां)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



### सरजू पटेल बीमार हालत मिले परिजनों को बुलाकर किया सुपुर्द

**नवभारत,दमोह** .शहर के फुटेरा वार्ड 3 निवासी सरजू पिता दुर्गा पटेल बीमार होने पर पड़े थे . जहां शुक्रवार शाम पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर 112 डायल में पदस्थ आरक्षक दीपेंद्र, शहबाज, पायलट शारदा सागर नाका चौकी लेकर पहुंचे .जहां परिजनों को बुलाकर सुपुर्द किया.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैं राहुल दुबे निवासी पिपरिया जबलपुर का निवासी हूँ। यह कि पूर्व में मेरा नाम राहुल दुबे हाई स्कूल सर्टिफिकेट में था। जिसे बदलकर मेरा नया नाम राहुल द्विवेदी पिता कमलेश द्विवेदी आधार कार्ड पर हो गया। अतः भविष्य में मुझे राहुल द्विवेदी के नाम से पहचाना एवं पढ़ा जाये।
दिनांक :- 17/10/2025
पुराना नाम :- राहुल दुबे
नया नाम :- राहुल द्विवेदी

धनतेरस और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
विजयासन ट्रांसपोर्ट
सर्विस
भोपाल, रीवा, कटनी, मैहर सतना, इटारसी, नर्मदापुरम
अरविंद जी एवं सहयोगी
पता-ट्रांसपोर्टनगर चण्डाल भाटा, जबलपुर मो. 9827324136

### दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाए : कलेक्टर



**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने वाणिज्यिक कर अधिकारी को निर्देशित किया है कि दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा दीपावली के अवसर पर बाजारों में पटाखों की बिक्री में बढ़ोतरी के चलते उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूले जाने या अनुचित लाभ लेने की शिकायतों की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया है। वाणिज्यिक कर अधिकारी ने बताया कि जिले में निरीक्षण दलों का गठन किया गया है जो यह सुनिश्चित करेंगे कि पटाखा विक्रेता उपभोक्ताओं से निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पटाका सामग्री का विक्रय न करें। यदि किसी भी स्थान पर मूल्य वृद्धि या अनुचित लाभ लेने की शिकायत प्राप्त होती है या सत्यापित होती है, तो संबंधितों पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।उन्होंने बताया जिला स्तरीय नियंत्रण टीम में संपूर्ण जिले के लिये वाणिज्यिक कर अधिकारी आकाश गुप्ता, वाणिज्यिक कर निरीक्षक वंशिका मिश्रा,आई.टी ऑपरेटर योगेश चंद अहिरवार, सहायक ग्रेड -3 शिवानी गौंड, भृत्य अमित सिंह शामिल है। इसी प्रकार नियंत्रण क्षेत्र दमोह तहसील, दमयंती नगर के लिये प्रथम दल में शामिल सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी योगेश कुमार दुबे,वाणिज्यिक कर निरीक्षक राम अहिरवार, सहायक ग्रेड-3 संतोष शर्मा, सहायक ग्रेड-3 मयंक साहू, भृत्य संदीप पटेल शामिल है ।इसी प्रकार हटा,बटियागढ़, पटेरा के लिये द्वितीय दल में शामिल सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी उमेश कुमार कोरी, सहायक ग्रेड-3 बालकिशुन मुण्डा, वाणिज्यिक कर निरीक्षक दीपक सतरैया, सहायक ग्रेड-3 नीलेश साहू, पी.एस सुनील सिंह ठाकुर को शामिल किया गाय है तथा जबेरा तेन्दूखेड़ा और पथरिया के लिये तृतीय दल में शामिल सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा, कराधान सहायक नीरज करोशिया, आई.टी.ऑपरेटर शहर बानो, सहायक ग्रेड-3 अवधेश ठाकुर, फर्राश देवी सिंह वाल्मीक को शामिल किया गया है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर**
Website : www.mp.gov.in/pwdmp Email : eepwdelecjbp@mp.nic.in Tel./Fax No. 0761-2620792

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 27/2025-26 व.ले.लि. जबलपुर, दिनांक 08/10/2025

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू.में) | अमानत की राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | MANUAL | PROVIDING & FIXING ELECTRICAL RENOVATION WORK IN HON. JUDGE BUNGALOW NO A-5 AT DUMNA ROAD JABALPUR ALLOTED TO HON. JUSTICE SHRI HIMANUSHU JOSHI JUDGE HIGH COURT JABALPUR. | Rs.9.12 Lakh | Rs. 18240/- | Rs. 2000/- | 15 DAYS | 1. माह एवं नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु। 2. प्रथम कॉल। |

कोरा निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां सभाग जबलपुर से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। निविदा प्रपत्र करने की अंतिम तिथि दिनांक 22/10/2025 सांय 5.30 बजे तक है। निविदा प्रपत्र एवं समस्त दस्तावेज स्पीड/रजिस्टर पोस्ट द्वारा दिनांक 23/10/2025 तक प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा खोलने की तिथि दिनांक 24/10/2025 है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग
जबलपुर

जी-20243/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

श्री शुभम् हॉस्पिटल
एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
★ जनरल मेडिसिन ★ हृदय रोग ★ नेत्र रोग ★ अस्थि रोग ★ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
★ न्यूरो तथा स्पाइन ★ नाक-कान-गला रोग ★ कैंसर ★ स्त्री एवं प्रसूती रोग ★ बाल रोग
24/7 आकस्मिक चिकित्सा, भर्ती, एम्बूलेंस, दवाईयां सुविधा उपलब्ध है
दशमेश द्वार, मदन महल चौक, नागपुर रोड, जबलपुर फोन. 0761.4051253 मो.9329486447




मोहन्ती चेस्ट हॉस्पिटल
डॉ. ए.पी. मोहन्ती
(एम.डी.चेस्ट वरिष्ठ छाती एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)
एम.डी.आर. टी.बी., निमोनिया, फेफड़ों में जमे पानी का इलाज, दमा, सांस फूलने का इलाज, एलर्जी टेस्ट, स्लीप स्टडी, स्पाईरोमेट्री, ब्रॉकोस्कोपी एवं धूम्रपान छुड़ाना।
पता
जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, रसल चौक जबलपुर
0761-3585408, 7999985457
0761-4047091, 7898409109

धनतेरस और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधा
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एण्ड हाई रिस्क प्रेगनेन्सी सेन्टर
डॉ. सुधा चौबे
एम.एस. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डॉ. मयंक चौबे
फैमिली फिजीशियन
24 घण्टे
भर्ती की सुविधा उपलब्ध



:- सुविधा -:
» सुसज्जित गायनिक विभाग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी)
» मेडिसिन विभाग
» प्लास्टिक सर्जरी
» न्यूरो सर्जरी विभाग
» जनरल सर्जरी विभाग
» यूरोलॉजी विभाग पाईजन यूनिट
» आर्थो विभाग एवं ट्रामा यूनिट, नाक, कान, गला (ई.एन.टी)
» एक्स-रे, खून, पेशाब की जांच (पैथोलॉजी) सोनोग्राफी डी- फिब्रीलेटर, वेन्टीलेटर-आई.सी.यू. की सुविधा
» एम्बुलेन्स सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध है
837, गोल बाजार, जबलपुर, 9111014804